# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बड़े अस्पताल में मरीजों को बाहर से लेनी पड़ रही है दवाइयां

## रेडियोलाजिस्ट, हार्ट स्पेलिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन की भी है कमी

**जिम्मेदार कौन**

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। मंगलवार को पेज थ्री ब्यूरो ने जिला अस्पताल का हाल देखा। जिला अस्पताल में मरीजों की काफी तादात में भीड़ थी। अस्पताल में वर्तमान में मौसमी वायरल से पीड़ित मरीजों की ज्यादा संख्या दिखाई दी। बता दें कि अस्पताल में फिजीशियन के कक्ष के आगे खासी तादात में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। जिले के सबसे बड़े अस्पताल में वर्तमान रेडियोलाजिस्ट, हार्ट स्पेलिस्ट, एकसरे टेक्नीशियन की कमी बनी हुई है। हालात यह है कि अस्पताल की अव्यवस्थाओं के कारण दूर दराज से आने वाले व स्थानीय बीमार मरीजों को प्राइवेट अस्पताल के भरोसे रहना पड़ रहा है। अस्पताल के वार्ड के भीतर जाने पर जानकारी हाथ लगी कि वार्ड में अधिकांश मरीज वायरल से पीड़ित मिले।



आलम यह है कि वार्ड में अपने तीरमदारों के साथ भर्ती हुए मरीज बाहर से लिखी दवाइयों को लेने को मजबूर हो रहे है। मरीजों का कहना था कि बाहर से दवाइयां लेने में खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिले के अस्पताल में मरीजों के साथ उनके तीरमदार भी खासे परेशान हो रहे है। हालात इतने बद्दतर है कि जिला अस्पताल में अव्यस्थाओं का रोड़ा आगे आ रहा है। अस्पताल के भीतर से मरीजों को केवल तीन खुराक मिल रही है जो कि केवल खानापूर्ति के सिवाय कुछ भी नही है। दूसरी ओर स्वास्थ्य कार्ड से हालांकि मरीजों को जांचों व आपरेशन में कुछ राहत मिल रही है। बीमार मरीज को अपने स्वास्थ्य में राहत चाहने के लिए मंहगें रेट पर बाहर से दवाइयां लेने को विवश होना पड़ रहा है। ऐसे में मरीजों की आर्थिक स्थिति में असर पड़ता नजर आने लगा है। सीमांत के सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों को बाहर से दवा लिखे जाने पर जिले के सामाजिक संगठन जिले के सीएमओ के आगे अपनी आप बीती व्यव्स्था रख चुके है मगर हालात जस के तस पड़े हुए है। जिले में मरीजों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने के लिए समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इस बारे में जिले के सामाजिक संगठन कई बार प्रदर्शन भी कर चुके है। मगर आजतक हल नही निकल सका है। ऐसे में मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

इस बारे में सीएमओं डाक्टर हरीश चंद्र ने भी कहा है कि जिले में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बाहर से दवाइयां लेनी पड़ रही है उन्हें इसकी शिकायत मिली है। यह बेहद गंभीर मामला है। इस मामले को लेकर जिम्मेदार डाक्टरों पर कार्यवाही करने के प्रयास तेज कर दिये गये है। मेरे द्वारा जल्द ही जिले के अस्पताल की अयवस्थाओं को लेकर आकसमिक भ्रमण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### ट्रेन की टक्कर से हाथी और उसके बच्चे की मौत, ट्रैक पर खड़ा हो गया झुंड

**संवाददाता** ऊधमसिंहनगर। उत्तराखंड में ट्रेन से कटकर दो हाथियों की मौत हो गई। बुधवार सुबह ऊधमसिंहनगर जिले में आगरा से चलकर रामनगर आने वाली आगरा फोर्ट एक्सप्रेस लालकुआं से आगे बढ़ी थी कि तराई वन प्रभाग के पीपल पड़ाव रेंज में हाथियों का झुंड ट्रैक पार कर रहा था। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हाथी और उसके बच्चे की मौत हो गई। घटना के दौरान हाथियों का झुंड टैक पर ही खड़ा हो गया। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ब्रक लगाकर ट्रेन रोक दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने हाथियों के झुंड को खदेड़ा। आगरा फोर्ट को ट्रैक खाली नहीं होने से सिडकुल हाल्ट पर खड़ा करना पड़ा, जबकि काशीपुर कासगंज पैसेंजर ट्रेन को दो घंटा गूलरभोज स्टेशन पर खड़ा कर वापस रवाना किया गया।

### पर्वतीय गाँधी की भव्य प्रतिमा जिला मुख्यालय नई टिहरी में हो स्थापित

**संवाददाता** नई टिहरी। उतराखण्ड राज्य के जनक और पर्वतीय गाँधी के नाम से विख्यात स्व. इंद्रमणि बडोनी जी का जन्म जनपद टिहरी गढ़वाल है, यूँ तो बडोनी जी की प्रतिमायें कई जगहों पर स्थापित है, किंतु अपने ही घर के जिला मुख्यालय पर बडोनी जी की कोई प्रतिमा ना होना हम सबके लिए गंभीर चिंता का विषय है, जिस महापुरुष ने इस नवोदित राज्य की परिकल्पना की ओर अथक संघर्ष किया हो, उनकी प्रतिमा उन्ही के जिला मुख्यालय पर ना हो यह हम सभी राजनैतिक, सामाजिक और राज्य निर्माण आंदोलनकारियों के लिए विचारणीय है , टिहरी के वर्तमान भिलंगना ब्लॉक के अखोडी गाँव मे जन्मे बडोनी जी ने अथक संघर्ष कर राज्य बनवाया है।

### होंडा कार्स इंडिया ने त्योहारी सीजन से पहले पेश की नई होंडा अमेज

**संवाददाता** देहरादून। भारत में प्रीमियम कारों की अग्रणी निर्माता होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने नई अमेज को बेहतर लुक प्रीमियम एक्सटीरियर स्टाइल और खूबसूरत इंटीरियर के साथ लॉन्च किया शानदार न्यू अमेज गर्व के साथ जिंदगी जीने की भावना का प्रतीक है और अपने आधुनिक अवतार में एक नई सोच और नए आत्मविश्वास को पेश करती है प्रीमियम फैमिली सेडान पेट्रोल और डीजल दोनों इंजनों में मैन्युअल के साथ–साथ सीवीटी ट्रांसमिशन में उपलब्ध है इस रेंज में एक बिल्कुल नया रंग मेटियोरॉइड ग्रे मैटेलिक को शामिल किया गया है जो अमेज के आधुनिक और प्रीमियम लुक को और भी बेहतरीन बनाता है। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट एवं सीईओ गाकू नाकानिशी ने कहा हमें नई अमेज को लॉन्च करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

## धन के बंदरबांट पर कोर्ट ने डीएम नैनीताल व शासन से मांगा जवाब

**संवाददाता** नैनीताल। बेतालघाट ब्लॉक में चौथे वित्त आयोग व 15 वें केंद्रीय वित्त आयोग से मिली एक करोड़ से अधिक की विकास निधि में अनियमितता व मनमाने वितरण को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट ने इससे संबंधित जनहित याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए सरकार व जिलाधिकारी नैनीताल को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष बेतालघाट की क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया है कि ब्लॉक को प्राप्त विकास निधि के वितरण 32 क्षेत्र पंचायत क्षेत्रों में स्थानीय जरूरत के बजाय केवल 17 क्षेत्रों में नियमविरुद्ध तरीके से वितरण किया जा रहा है। बिना उपयोगिता प्रमाण पत्र के सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है। क्षेत्र पंचायत की कमेटियों में सभी सदस्यों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। 15 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास निधि से वंचित किया जा रहा है। खंडपीठ ने सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।




## पुरोला मे तेल ना मिलने से लोग परेशान

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला व मोरी विकासखंड मे एकलौता पैटरोल पंप पुरोला मे बिते काफी समय से तेल ना मिलने से क्षेत्र के लोग परेशान है। क्षेत्र के लोगो का कहना है कि आज कल मोरी पुरोला क्षेत्र से सेब की फसल की तुडान हो रही है जिससे क्षेत्र से सैकडो वाहनो का हमेशा आना–जाना है। क्षेत्र के लोगो ने कहा कि पंप मालिक के लापरवाही का खामियाजा लोगो को भुगतना पड़ रहा है तथा नोगावं 20 किमी0 से लोगो को तेल लाना पड़ रहा है ।

## कई बार मांग करने के बाद आजतक सड़क नसीब न हो पाने पर ग्रामीण हुए आक्रोशित

**संवाददाता** पिथौरागढ़। धाराचूला विधान सभा क्षेत्र के पौड़ी में सड़क की मांग आजतक पूरी न हो सकी है। आलम यह है कि नौ किमी दायरे में सड़क को चौड़ीकरण करने के लिए डामरीकरण किया गया और बची शेष सड़क को आधा अधूरा छोड़ दिया गया।

दूसरी ओर क्षेत्र के वाहन चालक वाहन चालकों व ग्रमीणों को जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है। पया पौडी की ग्रमीण जनता को आजतक सड़क नसीब नही हो पाई है। विगत कई दशकों से कटी हुई सड़क आज जगह जगह पर मलबे से पटी हुई है। सड़क को पक्का करने व चौड़ीकरण करने के नाम पर क्षेत्र की जनता को गुमराह किया



जा रहा है। वही अब क्षेत्र की ग्रमीण जनता का धैर्य अब जवाब देने लगा है। क्षेत्र की ग्रमीण जनता कई बार अस मामले को लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर चुकी है कि मगर आजतक नतीजा नही निकला। क्षेत्र की ग्रमीण जनता का दो टूक लफ्जों मे कहना है कि इस बार अगर रोड नही बनी तो संपूर्ण ग्रमीण क्षेत्र के ग्रमीण आगामी विधान सभा में चुनावों का बहिष्कार करने को बाध्य होगे।

वही क्षेत्र की ग्रमीण जनता अब आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है। क्षेत्र में सड़क पर सबसे ज्यादा गंभीर समस्या वाहनों के संचालन में करने में दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है।

## रेनो इंडिया ने साइखोम मीराबाई चानू को रेनो काइगर’ उपहार स्वरूप प्रदान किया

**संवाददाता** देहरादून। विगत 10 वर्षों से भारत में अपने कारोबार का संचालन करने वाले रेनो सुप्रसिद्ध भारोत्तोलक और हैशटैग टोक्यो ओलंपिक 2020 में रजत पदक विजेता, साइखोम मीराबाई चानू को वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन करने तथा अपने कारनामे से हर भारतीय को गौरवान्वित करने के लिए ‘रेनो काइगर’ उपहार स्वरूप प्रदान किया। पूर्वी इम्फाल के एक छोटे–से गाँव की रहने वाली मीराबाई ने न केवल पूरे देश के जोश व उत्साह को चरम सीमा तक पहुंचाया, बल्कि अपनी सच्ची लगन और दृढ़–संकल्प की वजह से वह दूसरे एथलीटों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनीं। उनके इस सफर में एक अरब भारतीयों के आकांक्षाओं की झलक दिखाई देती है, जो अपनी सामान्य पृष्ठभूमि से बाहर निकलकर कुछ कर गुजरने की इच्छा रखते हैं। सुधीर मल्होत्रा, वाइस प्रेसिडेंट –सेल्स एंड मार्केटिंग, रेनो इंडिया, ने हैशटैग टोक्यो ओलंपिक 2020 में रजत पदक विजेता, साइखोम मीराबाई चानू को बिल्कुल नए रेनो काइगर की चाबी सौंपी।